दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना

(1 अप्रैल, 2022 से संशोधित दिशा–निर्देश)

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना

(01.04.2022 से यथा संशोधित)

तालिका

भाग – क योजना

पैरा सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ सं.
1.	प्रस्तावना	
2.	संशोधन की आवश्यकता	
3.	संशोधित योजना	
3.1	उद्देश्य	
3.2	दृष्टिकोण और कार्यनीति	
3.3	मॉडल परियोजनाएं	
3.4	कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेसियों की पात्रता की शर्तें	
3.5	वित्तीय सहायता के मानदंड	
3.6	आवेदन और स्वीकृति की प्रक्रिया	
3.7	कार्यक्रम प्रबंधन	
3.8	डीडीआरएस के अंतर्गत सहायता हेतु अन्य शर्तें	
3.9	निरीक्षण और मानीटरिंग	
3.10	उपयोग प्रमाण पत्र	
3.11	मानदंडों में छूट देने की शक्ति	

भाग – ख माडल परियोजनाओं का वर्णन

क्र.सं.	परियोजनाओं का नाम	पृष्ठ सं.
1	गृह आधारित पुनर्वास एवं समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ क्रॉस–डिसेबिलिटी प्री–स्कूल एवं प्रारंभिक उपचार (अर्ली इंटरवेंशन) और प्रशिक्षण की परियोजना	
2	गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ श्रवण दिव्यांगजन बच्चों के लिए विशेष स्कूल	
3	गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास एवं निम्न दृष्टि (लो विजन सेंटर) परियोजना के विकल्प के साथ दृष्टि दिव्यांगजन बच्चों के लिए विशेष स्कूल	
4	गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ अन्य दिव्यांगताओं बच्चों (बौद्धिक दिव्यांगता, प्रमस्तिष्क घात, आटिस्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, बहु दिव्यांगता, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, बधिर–दृष्टिहीन आदि) से ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष स्कूल	
5	गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ कुष्ठरोग उपचारित व्यक्तियों का पुनर्वास	
6	गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ उपचारित एवं नियंत्रित मानसिक रूग्णता ग्रस्त व्यक्तियों के मनो–सामाजिक पुनर्वास के लिए हाफ वे होम परियोजना	
7	विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक / उपचार केंद्र परियोजना	
8	क्रॉस–डिसेबिलिटी थेरेपी और काउंसलिंग केंद्र परियोजना	

अनुबंध

क्र.सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ सं.
I.	उपयोग प्रमाण पत्र (जीएफआर–12ए)	
II.	नियुक्त कर्मचारियों का विवरण	

III.	लाभार्थियों की सूची	
IV.	संगठन के पदाधिकारियों/प्रबंधन समिति का विवरण	
V.	नई परियोजनाओं और चल रही परियोजनाओं के लिए बजट प्राक्कलन/मानकीकृत गणना पत्र	
VI.	वर्ष के दौरान व्यय का मदवार/पदवार ब्यौरा प्रपत्र	
VII.	गारंटी संस्थानों द्वारा अनुरक्षित सरकारी अनुदानों में से पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से अधिग्रहित परिसंपत्तियां	
VIII.	संकल्प	
IX.	बांड	
X.	सहायता अनुदान/निधियों को सीधे संगठन के बैंक खाते में भेजने के लिए प्राधिकार पत्र	
XI.	मंजूरी के निबंधन और शर्तों की स्वीकृति	
XII.	स्टॉफ की प्रत्येक श्रेणी के लिए अर्हता और मानदेय के लिए लागत सीमाएं का विवरण	
XIII.	मानदेय के अलावा व्यय की आवर्ती मदों के लिए लागत सीमा	
XIV.	गैर–आवर्ती मदों की लागत सीमा	
XV.	अर्धवार्षिक वास्तविक प्रगति रिपोर्ट	
XVI	दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016 के अंतर्गत दिव्यांगताओं की सूची	
XVII	देश के सीमावर्ती जिलों की सूची	

दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना

भाग कः–योजना

1. प्रस्तावना

1.1 जनगणना, 2011 के अनुसार, भारत में लगभग **2.68 करोड़ दिव्यांगजन हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत है। दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम 2016 के अस्तित्व में आने से पहले से पहचानी गई 7 दिव्यांगताओं की सूची में 14 और दिव्यांगताओं को शामिल किया गया है। इस प्रकार, अब 21 प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान की गई है।**

1.2 भारत के संविधान में सभी व्यक्तियों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं गरिमा को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी व्यक्तियों, विशेषतः लाभ वंचित व्यक्तियों के लिए एक समावेशी समाज की स्थापना करना अभिप्रेत है। भाग IV के अनुच्छेद 41 में (''राज्य के नीति निदेशक तत्व'') जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों से संबंधित हैं, निम्नानुसार बताया गया है :

'' 41. कतिपय मामलों में काम, शिक्षा और सरकारी सहायता पाने का अधिकार–राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की परिसीमाओं के भीतर कार्य, शिक्षा एवं बेरोजगारी, वृद्धावस्था, रूग्णता और दिव्यांगता के मामलों और अल्पसेवित आवश्यकता के अन्य मामलों में सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुरक्षित बनाने के लिए प्रभावी प्रावधान बनाएगा।''

1.3 इसके अतिरक्त, सरकार ने दिव्यांगजनो ंके कल्याण एवं उनके सशक्तिकरण के लिए कानूनों को अधिनियमित किया है, नीतियां आदि तैयार की हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित सम्मिलित हैंः–

i. **''दिव्यांगजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण तथा पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995''** अधिनियमित करना (इसमें इसके पश्चात दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) अधिनियम), जिसने दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार, भेदभाव रहित, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है (इसके कारण निरस्त)।
ii. दिव्यांगजनों के शारीरिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पुनर्वास से संबंधित विभिन्न मामलों के निपटान के लिए फरवरी, 2006 में **दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय नीति** का अंगीकरण।
iii. दिव्यांगजन अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन (यूएनसीआरपीडी) का अनुसमर्थन, जो 03 मई, 2008 से प्रभावी हुआ।

1.4 वर्ष 1999, में दिव्यांगजन अधिनियम, 1995 की धारा 66 के प्रभावी कार्यान्वयन को सक्षम बनाने के लिए, दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए तत्कालीन चार योजनाओं को मिलाकर' ''दिव्यांगजनों हेतु स्वैच्छिक कार्रवाई को बढ़ावा देने की योजना' नामक केन्द्रीय क्षेत्र की एकल अंब्रैला (समग्र) योजना के रूप में मिला दिया गया। सम्मलित योजना, दिनांक 01.04.2003 से संशोधित की गई तथा इसे ''दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डीडीआरएस)'' के रूप में पुनर्नामित किया गया। लागत मानदंडों को अंतिम बार दिनांक 01.04.2018 से संशोधित किया गया था।

1.5 यूएनसीआरपीडी का हस्ताक्षरकर्त्ता होने के परिणाम स्वरूप दिनांक 28.12.2016 को उक्त सम्मेलन के अनुरूप सरकार ने **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016** को अधिनियमित किया है और इस कारण से पूर्व निःशक्तजन अधिनियम, 1995 निरस्त हो गया है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 दिनांक 19.04.2017 से प्रभावी हुआ। उक्त अधिनियम में दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास, खेल–कूद एवं मनोरंजन पर बल दिया गया है। इस अधिनियम की **धारा 27** में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में सेवाएं एवं पुनर्वास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सरकार को अधिदेश प्रदान किया गया है। यह ऐसी गतिविधियों का आयोजन करने वाले गैर–सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भी सरकार को अधिदेश प्रदान करता है । इस अधिनियम में दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थाओं का पंजीकरण करने का भी प्रावधान है अधिनियम की **धारा 55** में उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमो के क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त सरकार की आर्थिक क्षमता एवं विकास की परिसीमाओं के भीतर ऐसे पंजीकृत संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए अधिदेश प्रदान किया गया है।

1.6 डीडीआरएस योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार गैर–सरकारी संगठनों को स्कूली शिक्षा, समुदाय आधारित पुनर्वास, गृह आधारित पुनर्वास, हाफ वे होम आदि के मामले में बच्चों/दिव्यांगजनों को व्यापक स्तर की सेवाएं प्रदान करने के लिए सहायता अनुदान प्रदान करती रही है।

1.7 **एक उप–योजना के भाग के रूप में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्रों (डीडीआरसी)** को स्थापित किया गया है और अंब्रेला डीडीआरएस योजना के तहत यह वित्तपोषित है जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों का समर्थन करने के लिए स्वायत्त निकायों और विश्वविद्यालयों सहित केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा स्थापित राज्य सरकारों और विभिन्न अन्य निकायों को सहायता अनुदान प्रदान किए जाते हैं। डीडीआरसी, जिन्हें दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन की योजना (सिपडा) के तहत वित्त पोषित किया जा रहा था, को डीडीआरएस की योजना के तहत वित्त पोषित किया जाएगा।

1.8 पुनर्वास एक विशेषीकृत व्यावसाय है। संसद के 1992 अधिनियम के अंतर्गत स्थापित भारतीय पुनर्वास परिषद पुनर्वास से संबंधित व्यावसायिकों एवं कार्मिको के प्रशिक्षण को विनियमित एवं इसकी मानीटरिंग करता है तथा पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा में अनुसंधान को बढावा देता है।

1.9 विभाग की '' सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता की योजना (एडिप)'' नामक एक अन्य केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को सहायक यंत्र एवं उपकरण प्रदान किये जाते है।''

2. संशोधन की आवश्यकता

2.1 डीडीआरएस में संशोधन निम्नलिखित कारणों से आवश्यक हो गया है:–

i. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 के तहत पहचानी गई नई दिव्यांगताओं के अनुरूप नई परियोजनाओं को जोड़ने और मौजूदा परियोजनाओं में संशोधन करने के लिए।

ii. बेहतर मॉनिटरिंग के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन निधियों का उपयोग उन उद्देश्यों के लिए ही किया जा रहा है जिनके लिए निधियां जारी की गई थीं।

iii. समुदाय और गृह आधारित पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए

iv. विशेष स्कूलों में व्यावसायिक प्रशिक्षण घटक को शामिल करने के लिए।

3. संशोधित योजना

संशोधित योजना का आरंभः

उपरोक्त वर्णित कारणों के अनुसार, योजना में संशोधन किया गया है तथा यह 01 अप्रैल, 2022 से प्रभावी होगी। संशोधित योजना के प्रावधान नीचे दिए गए अनुसार हैंः–

3.1 उद्देश्य

योजना के उद्देश्य हैः–

3.1.1 दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर, समानता, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए समर्थकारी वातावरण तैयार करना।

3.1.2 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करना।

3.2 दृष्टिकोण तथा कार्यनीति

3.2.1 इस योजना का दृष्टिकोण प्रारंभिक उपाय, रोजमर्रा के आजीविका कौशल विकास, शिक्षा एवं प्रशिक्षण सहित दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए विभिन्न प्रकार की आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने एवं उनकी क्षमताओं को वास्तविक रूप देने के विचार सेए शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमो पर बल दिया जाएंगा।

3.2.2 योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए मुख्य कार्यनीतियां निम्न प्रकार होगीः–

i. शिक्षा के अवसरों को सभी स्तरों पर एवं सभी रूप में बढ़ाना तथा व्यावसायिक एवं पेशेवर अवसरों, आय अर्जन एवं लाभकारी व्यावसायों के कार्य क्षेत्रों को व्यापक विस्तार करना।

ii. सभी प्रकार के दिव्यांगजनों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना।

iii. सभी प्रकार के दिव्यांगजनों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना।

iv. शहरी एवं ग्रामीण वातावरण में आउटरीच एवं व्यापक समुदाय आधारित पुनर्वास और गृह आधारित पुनर्वास कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करना।

v. दिव्यांगजनों के लिए सभी कार्यक्रमों/परियोजनाओं/गतिविधियों के लिए विभिन्न स्तरों पर अपेक्षित कार्मिको को प्रशिक्षित करने के लिए जन शक्ति विकास गतिविधियों के लिए सहायता करना।

vi. समन्वय, सहयोग और नेटवर्किंग एवं बहु–क्षेत्रीय संबंधों (लिंकेज) को प्रोत्साहित करना।

vii. पर्यावरण अनुकूल एवं पारिस्थितिकी (ईको) को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं में दिव्यांगजनों का सहायता करना।

viii. मनोरंजन, अवकाश समय की गतिविधियां, भ्रमण, रचनात्मक एवं प्रदर्शन कला, सांस्कृतिक एवं साामाजिक रूप से समावेशी गतिविधियों आदि के लिए सुविधाएं स्थापित करना एवं उनके लिए सहायता करना।

ix. उपयुक्त आवास, घर एवं छात्रावास सुविधाओं की उपलब्धता को सुगम बनाना और इसमें सहायता करना।

x. ऐसे अन्य उपायों का समर्थन करना, जो दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को पूर्ण कर सके तथा कानून के अंतर्गत यथा निर्धारित दायित्वों की पूर्ति करें।

3.3 मॉडल परियोजनाएं

3.3.1 योजना के अंतर्गत वित्त पोषित की जाने वाली मॉडल परियोजनाएं निम्नलिखित हैंः–

i. गृह आधारित पुनर्वास एवं समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ क्रास–डिसेबिलिटी प्री–स्कूल एवं प्रारंभिक उपाय और प्रशिक्षण की परियोजना

ii. गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ श्रवण दिव्यांगता ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष स्कूल

iii. गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास एवं लो विजन सेंटर परियोजना के विकल्प के साथ दृष्टि दिव्यांगता ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष स्कूल

iv. गृह आधारित पुनर्वास/समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ अन्य दिव्यांगताओं वाले बच्चों के लिए विशेष स्कूल (बौद्धिक दिव्यांगता, प्रमस्तिष्क घात, आटिस्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर, बहु दिव्यांगता, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, बधिर–दृष्टिहीनता आदि)

v. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ कुष्ठरोग उपचारित व्यक्तियों का पुनर्वास

vi. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ उपचारित एवं नियंत्रित मानसिक रूग्णता ग्रसित व्यक्तियों के मनो–सामाजिक पुनर्वास के लिए, हाफ वे होम परियोजना

vii. समावेशी शिक्षा परियोजना को जारी रखने के लिए विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक / उपचार केंद्र (हाल ही में शुरू की गई मॉडल परियोजना)

viii. क्रॉस–डिसेबिलिटी थेरेपी और परामर्श केंद्र परियोजना

3.3.2 इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित मॉडल परियोजनाओं के निधियन को बंद कर दिया जाएगा अथवा अन्य मौजूदा परियोजनाओं के साथ विलय कर दिया जाएगाः–

3.3.2.1 **विलय कर दिया गया**

I. समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम (डीडीआरएस की सभी मॉडल परियोजनाओं के साथ विलय कर दिया गया) (VII और VIII के अलावा)

II. गृह आधारित पुनर्वास/ गृह प्रबंधन प्रणाली (डीडीआरएस की सभी मॉडल परियोजनाओं के साथ विलय कर दिया गया) (VII और VIII के अलावा)

III. कम दृष्टि केंद्र (दृष्टि दिव्यांगता के लिए विशेष स्कूल के साथ विलय कर दिया गया)

IV. प्रमस्तिष्क घात बच्चों के लिए परियोजना (आई, एमडी आदि के लिए विशेष स्कूल के साथ विलय कर दिया गया)

3.3.2.2 **बंद कर दिया गया –**

I. मानव संसाधन विकास (बंद कर दिया गया)

3.3.3 कुछ परियोजनाएं (पैरा 3.3.1 एवं 3.3.2 में वर्णित के अतिरिक्त) हैं जिन्हें इस विभाग द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा हैं। तथापि उनके लिए सहायता जारी रहेगी बशर्ते कि उनका प्रदर्शन संतोषजनक हो। ऐसी जो परियोजनाएं चल रही हैं, उनकी समीक्षा की जाएगी और यदि संभव हो तो उन्हें डीडीआरएस की अन्य मॉडल परियोजनाओं या विभाग की अन्य योजनाओं के साथ विलय का प्रयास किया जाएगा।

3.3.4 3.31 में वर्णित मॉडल परियोजना के विस्तृत निबंधन तथा शर्तों का दिशानिर्देशों के भाग–ख में उल्लेख किया गया है।

3.3.5 विशेष स्कूलों को व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र (वीटीसी) घटक भी प्रदान किया जाता है जिसके लिए संबंधित परियोजनाओं में लागत मानदंडों का उल्लेख किया गया है।

3.4 कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों की पात्रता की शर्तें

3.4.1 डीडीआरएस योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए आवेदन करने हेतु संगठनों की निम्नलिखित श्रेणियां पात्र होंगीः–

i. सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का XXI) अथवा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के किसी अन्य संगत अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संगठन; अथवा,

ii. भारतीय न्यास अधिनियम 1882 अथवा वर्तमान में लागू किसी अन्य समान अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यास; अथवा,

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 अथवा वर्तमान समय में लागू किसी अन्य संगत अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नोट–फॉर–प्रोफिट कंपनी।

iv. संगठन का पंजीकरण आवेदन की अवधि के लिए मान्य होना चाहिए।

टिप्पणी: योजना का कार्यान्वयन करने वाले सभी संगठनों को अब से कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियां (पीआईए) कहा जाएगा।

3.4.2 इसके आगे, **3.4.1** मे उल्लेख किए गए अनुसार यह पंजीकरण इस योजना के अंतर्गत अनुदान हेतु आवेदन करते समय कम से कम 2 वर्ष के लिए प्रभावी होना चाहिए।

3.4.3 योजना के अंतर्गत अनुदान की मांग करने वाले पीआईए को स्वयं को नीति आयोग पोर्टल (पीआईए – एनजीओ दर्पण) में पंजीकृत करना तथा ई–अनुदान पोर्टल में योजना के अंतर्गत आवेदन करने से पूर्व पीआईए एनजीओ दर्पण की विशिष्ट पहचान–संख्या प्राप्त करना अनिवार्य है।

3.4.4 सहायता अनुदान की मांग करने वाले प्रत्येक संगठन को पुराने निःशक्तजन अधिनियम, 1995 अथवा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

3.4.5 पैरा 3.4.1 (i) से (iii) में निर्दिष्ट संगठन में निम्न विशेषताएं होनी चाहिएः–

i. इसका एक प्रबंधन निकाय होना चाहिए जिसमें इसकी शक्तियों, कर्त्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों को स्पष्ट रूप से संगम ज्ञापन (संस्था के बहिर्नियम) में परिभाषित एवं विहित किया गया हो।

ii. इसके पास कार्यक्रम को संचालित करने के लिए संसाधन, सुविधाएं एवं अनुभव होना चाहिए।

iii. यह किसी व्यक्ति अथवा निकाय के लाभ के लिए नहीं चलाई जा रही हो।

iv. इसके पास एक **स्थानीय परियोजना समिति** होनी चाहिए, जिसमें लाभार्थियों के माता–पिताओं में से दो (हर साल बारी–बारी से), स्टाफ सदस्य में से एक (हर साल बारी–बारी से) और उस स्थान के दो प्रख्यात नागरिक (प्रति दो वर्ष में बदलना चाहिए) जहां इस परियोजना को लागू किया जा रहा है, को शामिल करते हुए कम से कम **5** सदस्य होंगें। सभी सदस्य किसी एक सदस्य को समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित करेंगें। सदस्यों में से महिलाओं की संख्या कम से कम **50** प्रतिशत होनी चाहिए। प्रति वित्त वर्ष में स्थानीय परियोजना समिति को कम से कम एक बार बैठक का आयोजन करना होगा और इस विभाग को वार्षिक आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

नोट: पैरा 3.4.1 एवं 3.4.2 में यथा उल्लिखित क्रमशः संगठन की श्रेणी और अस्तित्व की अवधि से संबंधित शतों तथा वित्तीय सलाहकार के साथ परामर्श करके सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विशेष मामलों में छूट प्रदान की जा सकती है, जिसके कारणों को लिखित रूप से रिकार्ड किया जाएगा।

3.5 वित्तीय सहायता के मानक

3.5.1 कार्यान्वयन एजेंसियो को अनुदान सहायता प्रतिपूर्ति के आधार पर जारी की जायेगी।

3.5.2 (क) पात्र कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियां (एनजीओ), सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनकी परियोजना के अनुमोदन के पश्चात, इस संशोधित योजना में निर्धारित लागत मानकों के आधार पर परिकलित राशि का 90 प्रतिशत प्राप्त करने के योग्य हैं। परियोजना लागत का शेष **10** प्रतिशत संबंधित पीआईए द्वारा अपने संसाधनों से वहन किया जाएगा।

(ख) **विशिष्ट क्षेत्रों** में स्थित परियोजनाओं के मामले में संशोधित लागत मानकों के आधार पर परिकलित राशि का 100 प्रतिशत राशि अनुमत होगी।

टिप्पणी: उपरोक्त बिंदु (ख) में उल्लिखित विशेष क्षेत्र निम्न प्रकार हैं:–

i. *आठ* पूर्वोत्तर राज्य,
ii. हिमालयी क्षेत्र के राज्य (जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के सभी राज्य एवं पश्चिम बंगाल के दो जिले अर्थात दार्जलिंग एवं जलपाईगुडी)।
iii. वाम अतिवाद प्रभावित क्षेत्र (गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित), तथा
iv. अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से जुडे जिले (अनुबंध–XVIII में उल्लिखित अनुसार)।

v. अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप द्वीप समूह और सुंदरबन।

3.5.3 किसी वित्तीय वर्ष में उसी वर्ष के अनुदान प्रस्ताव के पक्ष में अनुदान निम्न प्रकार से प्रतिपूर्ति आधार पर जारी किया जा सकता है :-

(क) संस्था द्वारा अर्धवार्षिक **लेखा परीक्षित** खातो (ऑडिटेड एकाउंट्स) के प्रस्तुत करने पर स्वीकार्य अनुदान राशी का **50%** तक जारी किया जा सकता है। शेष अनुदान राशी वार्षिक **लेखा परीक्षित** खातो (ऑडिटेड एकाउंट्स) के प्राप्त होने पर जारी की जायेगी।

अथवा

(ख) संस्था द्वारा नौ-मासिक **लेखा परीक्षित** खातो (ऑडिटेड एकाउंट्स) के प्रस्तुत करने पर स्वीकार्य अनुदान राशी का **75%** तक जारी किया जा सकता है। शेष अनुदान राशी वार्षिक **लेखा परीक्षित** खातो (ऑडिटेड एकाउंट्स) के प्राप्त होने पर जारी की जायेगी।

अथवा

(ग) संस्था द्वारा पर वार्षिक **लेखा परीक्षित** खातो (ऑडिटेड एकाउंट्स) के प्रस्तुत करने पर स्वीकार्य अनुदान राशी का **100%** तक अगले वित्तीय वर्ष में जारी किया जा सकता है।

3.5.4 अनुदान की गणना के दो आधार होंगे।

i. परियोजनाएं, जिनमें प्रति लाभार्थी लागत उपलब्ध है।
अनुदान की गणना पीआईए द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, निरीक्षण रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खाता विवरण आदि के आधार पर की जाएगी। हालांकि इस प्रकार की गणना की गई लागत पीबीसी और / या राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर जो भी कम हो, उससे अधिक नहीं होगी।

ii. परियोजनाएं जिनमें प्रति लाभार्थी लागत उपलब्ध नहीं है।
अनुदान की गणना पीआईए द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, निरीक्षण रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खाता विवरण, और राज्य सरकार की सिफारिश आदि, जो भी कम हो, के आधार पर की जाएगी।

3.5.5 **लाभार्थियों की संख्या** : निरीक्षण रिपोर्ट और वैध यूडीआईडी कार्ड/ दिव्यांगता प्रमाणपत्र के आधार पर पात्र लाभार्थियों की संख्या के आधार पर अनुदान सहायता की गणना की जायेगी। इस उद्देश्य के लिए उन लाभार्थियों की गणना की जायेगी जो निरीक्षण की तारीख से पूर्व 30 कार्य दिवसों में से कम से कम 15 दिन संस्थान में उपस्थित थे। निरीक्षण अधिकारी अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में ऐसे लाभार्थियों की संख्या का निरपवाद रूप से उल्लेख करेगा।

3.5.6 मानदेय के अलावा सहायता अनुदान आवर्ती मदों और सहायता अनुदान की गैर–आवर्ती मदों के लिए मानक क्रमशः अनुबंध XIII एवं XIV पर दर्शाए गए हैं।

3.5.7 सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले संगठन को यह भी प्रमाणित करना होगा कि उसने समान उद्देश्य अथवा गतिविधि के लिए राष्ट्रीय न्यास, एनएचएफडीसी, किसी अन्य मंत्रालय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग से अनुदान प्राप्त नहीं किया अथवा इसके लिए आवेदन नहीं दिया है।

3.5.8 डीडीआरएस के अंतर्गत सहायता अनुदान प्राप्त करने वाले सभी पीआईए को इस योजना के अंतर्गत प्राप्त निधियों के संवितरण के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) की व्यय, अग्रिम एवं हस्तातंरण (ईएटी) मॉड्यूल का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना होगा और नियमित रूप से अपडेट करना होगा। ईएटी मॉड्यूल के प्रयोग के बिना कोई अनुदान जारी नहीं की जाएगी।

3.5.9 परियोजना के लिए पूर्ण रूप से सहायता करने का निर्णय मॉडल परियोजना प्रोफाइलों और भाग ख में दर्शाए गए अनुसार आकलित कुल वार्षिक लागत के संदर्भ में होगा। कार्यान्वयन की आवश्यकता और अनुभव के आधार पर विभाग लागत मानकों के आधार पर समय समय पर नई मॉडल परियोजनाएं लाएगा और मौजूदा मॉडल परियोजनाओं में संशोधन करेगा।

3.5.10 ऐसी भी स्थितियां हो सकती हैं जहां पहले से वित्त पोषित संगठन में विविध गतिविधियों को शामिल हो सकती है– जैसे, एक परियोजना जिसमें मूल्यांकन के एक अथवा अधिक घटक, जागरूकता सृजन, प्रारंभिक उपचार, विशेष स्कूल सह वीटीसी शामिल हैं– जो एक से अधिक निदेशात्मक परियोजना प्रोफाइल के तहत आते हैं। लागत मानक ऐसे मौजूदा हाइब्रिड परियोजनाओं में भी विस्तार किए जा सकते हैं और संगठन से ऐसी प्रत्येक गतिविधि के लिए लाभार्थियों, स्टाफ और लागत मदों की पृथक रूप से पहचान करने की उम्मीद की जाएगी।

3.5.11 प्रत्येक संगठन को हर वित्तीय वर्ष में ई–अनुदान पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

3.5.12 प्रति वर्ष आवेदन और विभिन्न दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का समय

(क). पीआईए के लिए			
क्रम सं.	विषय	दिया गया समय	अंतिम तिथि (प्रति वर्ष)
1.	ई–अनुदान पोर्टल पर वार्षिक रूप से आवेदन जमा करना	2 माह	31 मई
2.	डीडीआरएस परियोजना का लेखा परीक्षा खाता	3 माह	30 जून

3.	डीडीआरएस परियोजना का लेखा परीक्षा खाता	4 माह	31 जुलाई
4.	संसद भवन में सभा पटल पर रखने के लिए वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा परीक्षित खाता प्रस्तुत करना (10 प्रतियां अंग्रेजी तथा हिन्दी में)	6 माह	30 सितम्बर
(ख). डीएसडब्ल्यूडीः			
1.	डीएसडब्ल्यूडी द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट	60 दिन	31 जुलाई
(ग). राज्य / यूटी सरकार के लिए			
1.	डीईपीडब्ल्यूडी के लिए सिफारिश	60 दिन	30 सितम्बर

3.6.1 आवेदन एवं स्वीकृति हेतु प्रक्रिया

(क) नई परियोजनाओं के लिए, (जिन परियोजनाओं को कोई अनुदान नहीं मिला है)		**(ख) चालू परियोजनाओं के लिए (जिन परियोजनाओं को पिछले वर्षों में अनुदान प्राप्त हुआ है)**	
1. डीडीआरएस के तहत सहायता अनुदान प्राप्त करने के इच्छुक संगठन को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल (ई–अनुदान) (www.grants-msje.gov.in) पर नई मामले की श्रेणी के तहत आवेदन करना होगा और केवल ऑनलाइन जमा करना होगा। 2. किसी भी फिजिकल आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **3. यदि गलत शीर्ष में आवेदन किया गया है (जैसे कि नई परियोजना के बजाय चल रही परियोजना में आवेदन करना), तो प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा।**		1. डीडीआरएस के तहत सहायता अनुदान प्राप्त करने के इच्छुक संगठन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल (ई–अनुदान) (www.grants-msje.gov.in) पर चालू परियोजना की श्रेणी के तहत आवेदन करेंगे और पूरा प्रस्ताव जिला समाज कल्याण अधिकारी को अग्रेषित करेंगे। **2. यदि गलत शीर्ष में आवेदन किया गया है तो प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा और अस्वीकार कर दिया जाएगा।**	
4. संगठन ई–अनुदान पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करेगाः	गअए सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा न्यास विलेख अथवा निगमन प्रमाणपत्र के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण की एक सत्यापित प्रति (जो भी लागू हो) जिसमें आवेदन	**3. संगठन ई–अनुदान पोर्टल पर निम्नलिखित दस्तावेज**	i. सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा न्यास विलेख अथवा निगमन प्रमाणपत्र के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र के

	की अवधि के लिए वैधता दर्शाई गई है। गअपण निःशक्तजन अधिनियम, 1995 / दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र के नवीकरण की प्रमाणित प्रति; जिसमें आवेदन की अवधि के लिए वैधता दर्शाई गई है। अपपण संगम ज्ञापन तथा संगठन के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को दर्शाने वाले नियमों / विनियमों / उपनियमों की प्रति। पपपण संगठन के पिछले दो वर्षों का लेखा परीक्षित लेखा। लेखा में (i) आय एवं व्यय विवरण (ii) प्राप्ति एवं भुगतान विवरण (iii) तुलन पत्र (iv) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल होंगें। गपगण स्टाफ / कर्मचारियों की सूची (अनुबंध – II के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में) गगण सूची के अनुसार सभी स्टाफ / कर्मचारियों के क्रमिक रूप से अर्हता प्रमाण पत्र; मान्य आरसीआई–सीआरआर नंबर और प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि के साथ। गगपण चालू वर्ष के लाभार्थियों की सूची (अनुबंध – III के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में) गपपण लाभार्थी सूची के अनुसार सभी लाभार्थियों के यूडीआईडी कार्ड (अधिमानतः) / दिव्यांगता प्रमाण पत्र। पीआईए को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द अपने लाभार्थियों के लिए यूडीआईडी पंजीकरण करवाएं। पपपण पिछले दो वर्षों के लिए संगठन की गतिविधि / वार्षिक रिपोर्ट । गपअण विभिन्न लागत मदों के लिए विस्तृत औचित्य के साथ चालू वर्ष के लिए परियोजना हेतु बजट अनुमान। ागअण संगठन की प्रबंध समिति की सूची,	**अपलोड करेगाः**	नवीकरण की एक सत्यापित प्रति (जो भी लागू हो) जिसमें आवेदन की अवधि के लिए वैधता दर्शाई गई है। ii. निःशक्तजन अधिनियम, 1995 / दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र के नवीकरण की प्रमाणित प्रति; जिसमें आवेदन की अवधि के लिए वैधता दर्शाई गई है। iii. संगम ज्ञापन तथा संगठन के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को दर्शाने वाले नियमों / विनियमों / उपनियमों की प्रति। iv. पिछले वर्ष के लिए परियोजना के लेखा परीक्षित लेख। इन खातों में (क) आय और व्यय विवरण (ख) रसीद और भुगतान विवरण (ग) तुलन पत्र (घ) लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन शामिल होगा। v. पिछले वर्ष के लिए पूर्ण रूप में संगठन के लिए समेकित लेखा परीक्षित खाते। खाते में निम्नलिखित शामिल होंगें–(क) आय एवं व्यय विवरण (ख) प्राप्ति एवं भुगतान विवरण (ग) तुलन पत्र (घ) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट vi. पिछले वर्ष के

	उनकी नियुक्ति और कार्यकाल की तारीख के साथ। गअपप 20/– रुपये वाले एक गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर समझौता बांड (जैसा कि अनुबंध – IX में है)। अपपप बैंक प्राधिकरण पत्र (एनईएफटी अधिदेश प्रपत्र) जैसा कि अनुबंध–X में दिखाया गया है)। पपपप नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित किराया समझौता (किराए के परिसर में परियोजना के मामले में)।		लिए निर्धारित प्रारूप (अनुबंध–VI के अनुसार) में लेखा परीक्षित मद–वार/पद–वार व्यय विवरण, चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा उचित रूप से स्याही से हस्ताक्षरित और संगठन के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित। vii. निर्धारित प्रापत्र (अनुबंध –I के अनुसार) में पिछले वर्ष में जारी अनुदानों के संबंध में उपयोग प्रमाण पत्र । viii. स्टाफ/कर्मचारियों की सूची (अनुबंध – II के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में) ix. वैध आरसीआई–सीआरआर संख्या और इसके प्रमाण पत्र की प्रति के साथ स्टाफ सूची के अनुसार क्रमवार सभी स्टाफ/कर्मचारियों का अर्हता प्रमाण पत्र। x. चालू वर्ष के लाभार्थियों की सूची (अनुबंध – III के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में) xi. लाभार्थी सूची के अनुसार सभी लाभार्थियों के क्रमवार यूडीआईडी कार्ड (अधिमानतः)/दिव्यांगता प्रमाण पत्र। पीआईए को सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द अपने लाभार्थियों के लिए

			यूडीआईडी पंजीकरण करवाएं। xii. पिछले वर्ष के लिए संगठन की गतिविधि / वार्षिक रिपोर्ट। xiii. विभिन्न लागत मदों के लिए विस्तृत औचित्य के साथ चालू वर्ष के लिए परियोजना हेतु बजट अनुमान। xiv. संगठन की प्रबंध समिति की सूची, उनकी नियुक्ति और कार्यकाल की तारीख के साथ। xv. 20/– रुपये वाली एक गैर–न्यायिक स्टांप पेपर पर समझौता बांड (जैसा कि अनुबंध – IX में है)। xvi. बैंक प्राधिकरण पत्र (एनईएफटी अधिदेश प्रपत्र) जैसा कि अनुबंध– X में दिखाया गया है)। xvii. नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित किराया समझौता (किराए के परिसर में परियोजना के मामले में)।
5. संबंधित जिले का जिला समाज कल्याण अधिकारी संगठन का फिजिकल निरीक्षण करेगा और पोर्टल (ई–अनुदान) में इसकी सिफारिश दर्ज करेगा और 3.5.10 में दिए गए तालिका की समय–सीमा के भीतर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की देखरेख करने वाले राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के संबंधित विभाग को प्रस्तुत करेगा।		4. संबंधित जिले का जिला समाज कल्याण अधिकारी संगठन का फिजिकल निरीक्षण करेगा और पोर्टल (ई–अनुदान) में इसकी सिफारिश दर्ज करेगा और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की देखरेख करने वाले राज्य सरकार / संघ राज्य	

6. निरीक्षण उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहिए जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 7. राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के विभाग प्रस्ताव की जांच करेगा, इसकी सिफारिशों को दर्ज करेगा और अनुशंसित प्रस्तावों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को भेजेगा। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सेवा की कमी वाले क्षेत्रों के प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का प्रयास करना चाहिए। 8. सहायता अनुदान मांग करने वाले प्रत्येक पीआईए को इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि उन्हें अनुदान प्राप्त हुआ है या नहीं। 9. डीईपीडब्ल्यूडी में प्राप्त सभी नए मामलों की समीक्षा के लिए एक समिति की स्थापना की जाती है जिसे स्क्रीनिंग समिति कहा जाता है। प्रत्येक नए मामले को जांच के लिए विभाग की स्क्रीनिंग समिति के सामने रखा जाता है और उक्त समिति द्वारा अनुशंसित होने के बाद अनुदान के लिए प्रोसेस किया जाएगा। स्क्रीनिंग समिति परियोजना अवसंरचनाओं के बारे में स्पष्टता रखने के लिए अतिरिक्त कदम भी उठा सकती है। इनमें से कुछ हैं: क. परियोजना के स्थान का निरीक्षण ख. बुनियादी ढांचे, लाभार्थियों और सेवा प्रदाताओं के साथ केंद्र के वीडियो के बारे में पूछें। ग. प्रबंध समिति के विवरण और उनके वीडियो बाइट घ. चालू ईमेल और संपर्क विवरण 10. उन राज्यों और जिलों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां मॉडल परियोजनाओं की कमी है।	क्षेत्र प्रशासन के संबंधित विभाग को प्रस्तुत करेगा। 5. राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के विभाग प्रस्ताव की जांच करेगा, अपनी सिफारिश दर्ज करेगा और अनुशंसित प्रस्तावों को ऑनलाइन पोर्टल (ई–अनुदान) के माध्यम से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को अग्रेषित करेगा।
11. राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की सिफारिश के साथ प्राप्त सभी नए प्रस्तावों पर डीईपीडब्ल्यूडी में एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा विचार किया जाएगा। विचार के वर्ष के बाद वित्तीय वर्ष के अंत तक स्क्रीनिंग समिति की सिफारिश वैध रहेगी। उदाहरण के लिए, 2022–23 के दौरान की गई स्क्रीनिंग समिति की सिफारिश, 31.03.2024 तक वैध होगी।	

3.6.2. ब्रेक केस।

ऐसे सभी अनुदान प्रस्ताव जो ब्रेक केस माने गये है, वे सामान्य वित्तीय नियमावली, 2017 के नियम 230 (15) के अनुसार किये जायेंगे। सामान्य वित्तीय नियमावली, 2017 के नियम 230 (15) के अनुसार "ऐसे वास्तविक व्यय को पूरा करने के लिए सहायता अनुदान स्वीकृत किया जा सकता है जो स्वीकृति जारी किए जाने की तारीख से दो वर्ष से अधिक पहले न किया गया हो।"

3.6.3 ई–अनुदान पोर्टल के लिए यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त करने की प्रक्रियाः

(i) पीआईएः– एनजीओ दर्पण यूनिक आईडी मिलने के बाद, ई–अनुदान पोर्टल www.grants-msje.gov.in में पंजीकरण करने की आवश्यकता है। पंजीकरण के बाद यूजर आईडी और पासवर्ड जनरेट किया जाएगा।

(ii) राज्य के प्रधान सचिवः– पोर्टल में पंजीकरण करने की आवश्यकता है और फिर नए यूजर आईडी / यूजर आईडी में परिवर्तन / संशोधन के लिए डीईपीडब्ल्यूडी को अनुरोध भेजें।

(iii) डीएसडब्ल्यूओ सहित अन्य राज्य सरकार के अधिकारीः– पोर्टल में पंजीकरण करने की आवश्यकता है और फिर अनुमोदन के लिए संबंधित राज्य के प्रधान सचिव को अनुरोध भेजें।

3.6.4 ई–अनुदान पोर्टल पर आवेदन करने के लिए जांच बिंदुः

पावती संख्याः	
एनजीओ का नामः	
एनजीओ की आईडीः	
1. योजना का नाम	
2. परियोजना का नामः	
3. स्थान	
3क. जियो–टैग की गई जगह	
4. क्या ब्लैकलिस्ट किया गया है या नहींः	
5. क्या समय प्रतिबंधित है / ब्रेक केसः	
6. (क) क्या चालू मामला है / नया मामला	

यदि नए मामले हैं तो– दस्तावेज की प्रतियां एक राजपत्रित अधिकारी / नोटरी पब्लिक / **सचिव या गैर–सरकारी संगठन के अध्यक्ष द्वारा सत्यापित की जानी चाहिए।**	
(ख) क्या संस्थान या संगठन ने प्रमाणित किया है कि उसने भारत सरकार या राज्य सरकार के किसी अन्य मंत्रालय या विभाग से उसी उद्देश्य या गतिविधि के लिए अनुदान प्राप्त या आवेदन नहीं किया है।	
(ग) क्या प्रस्तावित सहायता अनुदान स्वीकृति जारी होने की तारीख से दो वर्ष से पहले किए गए वास्तविक व्यय को पूरा करता है।	
7. प्रबंधन समिति का विवरण	
8.(क) भुगतान किया गया वार्षिक किराया (राशि रुपये में)	
(ख) शहर वर्गीकरण मानदंडों के अनुसार स्वीकार्य राशि	
(ग) किराया समझौता..... तक मान्य है	
(घ) क्या यह प्रमाणित है कि भवन का स्वामी प्रबंधन समिति का सदस्य नहीं है	
(ङ) कमरों की कुल संख्या	
(च) भवन का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में): यदि कुल क्षेत्रफल वर्ग फुट में है, तो इसे वर्गमीटर में परिवर्तित किया जाए।	
(छ)* किराए का भवन, उसका किराया समझौता	
(ज)* भवन के स्वामी की पैन कार्ड की कॉपी	
9. (क) लाभार्थियों की संख्या जिन्होंने आवेदन भरे हैं	
(ख) भर्ती किए गए लाभार्थी	

आवासीय (लाभार्थियों की संख्या)			
सामान्य	अनुसूचित जाति (एससी)	अनुसूचित जनजाति (एसटी)	लाभार्थियों की कुल संख्या
गैर–आवासीय (लाभार्थियों की संख्या)			
सामान्य	अनुसूचित जाति (एससी)	अनुसूचित जनजाति	लाभार्थियों की कुल संख्या

		(एसटी)	
(ग) पिछले वर्ष में लाभार्थियों की संख्या			
(घ)* पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि			
(ङ) क्या लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि उपलब्ध अवसंरचना के अनुरूप है			
(च) क्या यह प्रमाणित है कि लाभार्थियों की सूची निर्धारित प्रारूप में है और कोई दोहराव नहीं है			
(छ) संलग्न दिव्यांगता प्रमाण पत्र की संख्या			
10. (क) निर्धारित प्रारूप में कर्मचारियों का विवरण			
(ख) आवश्यक योग्यता प्रमाण पत्रों की प्रतियां			
(ग) क्या मानदेय का भुगतान मानकों के अनुसार किया जाता है या नहीं			
(घ) नियुक्त कर्मचारियों की संख्या			
11(क) पीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत पंजीकरण की वैधता .... तक है			
(ख) क्या यह वर्तमान वर्ष के लिए मान्य है		जी हां/जी नहीं	
12 (क) पंजीकरण प्रमाणपत्र की वैधता ..... तक			
(ख) प्रमाणपत्र/न्यास लेख की प्रतिलिपि			
(ग) क्या यह इस वर्ष के लिए विचाराधीन है?		जी हां/जी नहीं	
13. स्टाफ के आरक्षण की स्थिति			
14. एमओए/उपनियम/न्यास लेख के विवरण			
15 (क) विदेशी योगदान		जी हां/जी नहीं	
(ख) यदि हां, तो रखा गया एफसीआरए प्रमाणपत्र			
(ग) एफसीआरए प्रमाणपत्र की वैधता			

16. (क) वार्षिक रिपोर्ट का विवरण			
(ख) क्या यह जीआईए के अनुसार योजना के तहत प्रदर्शन को दर्शाता है?			
17.(क) बजट अनुमान			
(ख) अनुदान ..... से प्राप्त की जा रही है			
(ग) गत तीन वर्षों के लिए जारी अनुदान			
वर्ष	आवर्ती राशि	गैर–आवर्ती राशि	कुल
(घ) क्या उपयोग प्रमाणपत्र संलग्न है			
(ङ) क्या यूसी निर्धारित प्रपत्र में है			
(च) क्या यूसी पर संगठन के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षर भी किया गया है?			
(छ) अव्ययित शेष, यदि कोई हो			
(ज)*(i) अव्ययित शेष राशि पर संगठन द्वारा अर्जित ब्याज			
(ii) ब्याज अर्जित वाउचर अपलोड करने के बारे में पुष्टिकरण प्रमाण			
(झ)* सहायता अनुदान या अग्रिमों (प्रतिपूत को छोड़कर) पर सभी ब्याज या अन्य आय खातों को अंतिम रूप देने के तुरंत बाद, भारत की संचित निधि में अनिवार्य रूप से भेजे जाने के लिए जारी की गई है। क्या यह किया गया है?			
(ञ) लेखाओं का लेखा परीक्षित विवरण, आय और व्यय के स्त्रोत और पैटर्न आदि। क्या ये प्रस्तुत किए गए हैं?			

(ट) मदवार किए गए व्यय का विवरण	
(ठ) (i) परियोजना के लेखा परीक्षित खाता (ii) समेकित लेखा परीक्षित खाता	
(ड) पंजी. सं. के साथ सीए का विवरण	
18. बॉन्ड/पीएसआर/बैंक विवरण	
19. क्या जीएफआर 238(5) के अनुसार संसद में संगठन/गैर–सरकारी संगठन के वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित विवरण को सभा पटल पर रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ?	
20.(क) ईएटी का अनुपालन, क्या पंजीकृत है?	जी हां/जी नहीं
(ख) ईएटी का अनुपालन, व्यय ..... तक अपडेट किया गया है	
21. जांचबिंदु की जांच की जा चुकी है और पूरी तरह से भरी गई है।	जी हां/जी नहीं

3.7 कार्यक्रम प्रबंधन

3.7.1 राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन में नोडल विभाग

प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अपने विभागों में से किसी एक विभाग को कार्यक्रम के लिए नोडल विभाग के रूप में मनोनीत करेगी। नोडल विभाग का चयन इस प्रकार से किया जाना चाहिए कि यह अत्यधिक प्रभावी रूप से संपूर्ण राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यक्रम का प्रभावी कार्यान्वयन करा सके।

3.7.1 (i) प्रत्येक राज्य को दिव्यांगता से संबंधित योजनाओं के लिए एवं पीआईए/वीओ के प्रस्तावों की सिफारिश करने के लिए एक **'सहायता अनुदान समिति'** का गठन करने की सलाह दी गई है।

3.7.1 (ii)मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के विचार से समिति की संरचना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के विवेक पर होगा जो सहायता अनुदान समिति बनाने की प्रक्रिया की उपेक्षा भी कर सकते हैं, यदि प्रस्ताव की सिफारिश संबंधित राज्य मंत्रालय/विभाग के प्रधान सचिव/ मुख्य सचिव द्वारा की गयी हो।

3.7.1 (iii)किसी भी मामले की सिफारिश उस वित्त वर्ष के लिए किए गए निरीक्षण के आधार पर होगी।

3.7.2 जिला स्तर पर नोडल उत्तरदायित्व

प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी अथवा एजेंसी को नामित करेगा जिसे जिला स्तर पर कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन का संपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपा जाएगा।

3.7.3 स्थानीय स्तर पर प्रबंधन

स्थानीय स्तर पर, राज्य सरकारें उपयुक्त निकाय अर्थात ग्राम पंचायत, नगर पालिका/निगमों, जैसा भी मामला हो, को कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण का उत्तरदायित्व सौपेंगी।

3.8 डीडीआरएस के अंतर्गत सहायता हेतु अन्य शर्तें

3.8.1 केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार के अधिकारी अथवा उनके प्राधिकरण द्वारा नामित व्यक्ति अथवा विभाग द्वारा नामित किसी अन्य एजेंसी द्वारा सहायता प्राप्त संगठन/संस्था/स्थापन का निरीक्षण किया जा सकेगा।

3.8.2 यदि कोई संगठन इस योजना के अंतर्गत किए जा रहे आवेदन के उद्देश्य के लिए किसी अन्य आधिरिकारिक स्त्रोत से अनुदान प्राप्त कर चुका है अथवा प्राप्त होने की संभावना है, तो सामान्यतः ऐसे अन्य आधिकारिक स्त्रोत से अनुदान को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय अनुदान का मूल्यांकन किया जाएगा।

3.8.3 सहायता प्राप्त संगठन इस योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुदानों के लिए एक पृथक खाता रखेंगे जो भारत सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी द्वारा इसकी जांच की जा सकेगी। इसकी आंतरिक लेखा परीक्षा अथवा समवर्ती लेखा परीक्षा की प्रणाली हागी। इन लेखों की जांच भारतीय नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक द्वारा की जाएगी।

3.8.4 एक सहायता प्राप्त संगठन सरकारी अनुदान से पूर्णतः अथवा पर्याप्त रूप से प्राप्त सभी परिसंपत्तियों का रिकार्ड स्टॉक रजिस्टर में रखेगा तथा आवश्यकतानुसार इसे लेखापरीक्षक को प्रस्तुत करेगा। इस संबंध में सामान्य वित्तीय नियमावली, 2017 (भारत सरकार) के प्रावधान लागू होंगे।

3.8.5 एजेसिंयों को सहायता अनुदान स्वीकृत करने की पूर्व शर्त जहांः–

(क) प्राप्तकर्त्ता निकाय नियमित आधार पर 20 से अधिक व्यक्तियों की नियुक्ति करता है तथा जिसके आवर्ती व्यय का कम से कम 50 प्रतिशत केन्द्रीय सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान से पूरा होता हो; तथा/अथवा

(ख) निकाय एक पंजीकृत सोसाइटी अथवा कोआपरेटिव संस्था है तथा सामान्य उद्देश्य के लिए भारत की समेकित निधि से बीस लाख रूपए अथवा अधिक की वार्षिक सहायता अनुदान प्राप्त कर रहा है;

i. संगठन को निर्धारित दिशा–निदेशों के अनुसार पदों तथा सेवाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने में वरीयता देनी चाहिए।

ii. संगठन को जेंडर/कमजोर वर्ग/अनु.जा./अनु.ज.जाति आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों के लाभार्थियों के पर्याप्त और उपयुक्त प्रतिनिधियों को रखने में वरीयता देनी चाहिए।

3.8.6 अनुदान प्राप्त करने वाले संस्थाओं अथवा संगठनों से अपेक्षित है कि वे शामिल राशि का ध्यान रखे बिना सरकारी अनुदान का एक सहायक खाता तैयार करेंगे तथा जीएफआर 2017 नियम सं. 237(i) के अनुसार आगामी वित्त वर्ष के 30 जून तक परीक्षित लेखा विवरण का एक सेट प्रस्तुत करेंगे। लेखों के इन लेखा–परीक्षित विवरण को सहायता अनुदान के उपयोग हो जाने के पश्चात अथवा जब भी इसकी मांग की जाए, प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

3.8.7 पीआईए जो 50 लाख रूपए एवं अधिक की राशि के आवर्ती सहायता अनुदान प्राप्त कर रहें हैं उन्हें जीएफआर नियम सं. 238(6) के अनुसार विभाग को हिंदी के साथ–साथ अंग्रेजी में वार्षिक रिपोर्टों एवं लेखा–परीक्षित लेखों की 10 प्रतियां प्रस्तुत करनी चाहिएं जिसे इन्हें अनुवर्ती वित्त वर्ष की समाप्ति के 6 माह के भीतर सदन के दोनों पटलों पर रखा जा सके। उदाहरण के लिए, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पीआईए 50 लाख रुपये से अधिक जीआईए प्राप्त कर रहा है तो उसे 30 सितम्बर 2022 को या उससे पहले विभाग को वार्षिक रिपोर्टों और लेखा–परीक्षित लेखों की 10 प्रतियां प्रस्तुत करनी चाहिए। यदि उसे उल्लिखित समयावधि के भीतर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो आगे का अनुदान जारी नहीं किया जाएगा

3.8.8 योजना के अंतर्गत सहायता अनुदान की मांग करने वाले पीआईए यह सुनिश्चित करें कि लाभार्थियों की व्यक्तिगत सूचना जैसे कि लाभार्थियों की दिव्यांगता का प्रकार अथवा प्रतिशतता को निर्दिष्ट करने वाली सूची को संगठन की वेबसाइट जैसे सार्वजनिक प्लेटफार्म पर प्रदर्शित न किया जाए। संगठन को वेबसाइट पर लाभार्थियों के निम्नलिखित विवरण उपलब्ध कराना है–

i. लाभार्थी का नाम

ii. लाभार्थी की जन्म तिथि

iii. पिता/अभिभावक का नाम

iv. पता

3.8.9 परियोजना के स्थान परिवर्तन की अनुमति केवल तभी प्रदान की जायेगी जब स्थान परिवर्तित किए जाने की 04 माह की अवधि के भीतर राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया हो तथा इसकी सूचना 01 माह के भीतर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को दे दी गई हो।

3.8.10 पीआईए द्वारा लाभार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क अथवा प्रयोक्ता प्रभार, यहां तक कि परिवहन सुविधाएं प्रदान किये जाने का प्रभार भी नहीं लिया जायेगा। लाभार्थियों को हाइड्रोथेरेपी, स्विमिंग पूल, स्पोर्ट आदि जैसी अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के मामले में, पीआईए द्वारा लाभार्थियों से कोई प्रभार/ प्रयोक्ता शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।

3.8.11 गैर–सरकारी संगठनों की सहायता करने वाले मानव संसाधन कार्मिक भारत सरकार अथवा विभाग के कर्मचारी नहीं है। इस योजना में आरसीआई द्वारा निर्धारित योग्यता वाले मानव संसाधन कार्मिकों की सेवाओं को सूचीबद्ध करने के संदर्भ में सरकारी क्षेत्र के निकायों/अन्य संस्थाओं के कार्मिकों के समान मानदेय का दावा करने का कारण नहीं समझा जाएगा। भर्ती, मानदेय, नियुक्ति की शर्तों की जिम्मेदारी पूर्ण रुप से पीआईए की होगी और डीईपीडब्ल्यूडी किसी भी तरह से इसके लिए जिम्मेदार नहीं है।

3.8.12 डीडीआरएस के तहत जीआईए प्राप्त कर रहे प्रत्येक पीआईए को विभाग एवं मंत्रालय का नाम और लोगो स्पष्ट रुप से परियोजना के परिसर के प्रमुख द्वार पर प्रदर्शित करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो, आगे का अनुदान जारी नहीं किया जाएगा।

3.8.13 निम्नलिखित विवरण पीआईए के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित होनी चाहिए:

- पिछले 2 वर्षों के दौरान प्राप्त अनुदान
- भर्ती किए गए लाभार्थियों की संख्या
- सेवा प्रदाताओं की संख्या
- शिकायतों के लिए डीएसडब्ल्यूओ का नाम, पदनाम, संपर्क हेतु विवरण

3.8.14 आधार अधिसूचना संख्या 1009 दिनांक 31 मार्च, 2017 के अनुसार सभी लाभार्थियों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। यदि निकटवर्ती क्षेत्र जैसे ब्लॉक या तालुका अथवा तहसील में नामांकन केन्द्रों की अनुपलब्धता के कारण लाभार्थी नामांकन नहीं कर पाते हैं, तो कार्यान्वयन एजेंसियों को सुविधाजनक स्थानों पर आधार नामांकन सुविधाओं में सहायता करने की आवश्यकता होती है। लाभार्थियों और सेवा प्रदाताओं से आधार प्राप्त करने वाला पीआईए उक्त आधार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आधार कार्ड की गोपनीयता की सुरक्षा और संरक्षण को बनाए रखना सुनिश्चित करेगा।

3.8.15 प्रत्येक पीआईए अपने प्रत्येक लाभार्थी के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने में भी सहायता करेगा।

3.8.16 आवासीय परियोजनाओं को चलाने वाले पीआईए को छात्रावास के लिए दिए गए मानदंडों का अनुपालन करना होगा और दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य अवसंरचना और सुगम्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

- लड़के और लड़कियों के लिए अलग–अलग छात्रावास की सुविधा।
- लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए छात्रावास सुविधाओं के मामले में महिला वार्डन।
- छात्रावास अधिमानतः भूतल पर होना चाहिए।
- दिन में कम से कम तीन बार भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- छात्रावास बाधा मुक्त / सुगम्य होना चाहिए।

3.8.15(i) छात्रावास के लिए अपेक्षित बुनियादी उपस्कर/मद नीचे दिए गए हैं –

(क) व्यक्तिगत–विशिष्ट

1. बेड
2. बेडिंग (साफ और स्वच्छ रूप से बनाया रखा हो)
3. कुर्सी–मेज (उपयुक्त ऊंचाई का)
4. स्टोर करने के लिए कैबिनेट (पर्याप्त स्थान के साथ)

(ख) समग्र आवश्यकताएँ (सुविधाएं और उपकरण)

1. रसोई उपकरण
2. मेस उपकरण
3. पीने योग्य पेयजल (ठंडा / गर्म, जैसा कि लागू हो)

4. पेयजल डिस्पेंसर

5. पर्याप्त प्रकाश और पंखे की सुविधा

6. वेब (लाइव) टेलीकास्ट सुविधा के साथ सीसीटीवी.

7. अग्नि–निकास और अग्निशामक/अग्नि–सुरक्षा उपकरण

8. पावर बैकअप

9. नहाने के लिए वॉटर हीटिंग सिस्टम

10. रूम–हीटर (जहां भी लागू हो)

11. रूम–कूलर (जहां भी लागू हो)

12. टेलीफोन

13. इंटरनेट

14. सेट–टॉप बॉक्स की सुविधा के साथ टीवी

15. म्यूजिक सिस्टम और मनोरंजन की सुविधा

16. प्राथमिक चिकित्सा सुविधा

17. कपड़े धोने की सुविधा

18. हाउसकीपिंग उपकरण

19. 24×7 पानी की आपूर्ति

20. खेलने हेतु स्थान

(ग) कमरे की आवश्यकताः

1. व्यक्तिगत छात्रावास कक्ष (न्यूनतम 80 वर्ग फुट)

2. सामान्य कमरा / गतिविधि / मनोरंजन कक्ष (न्यूनतम 500 वर्ग फुट प्रति 50 लाभार्थियों)

3. मेस / डाइनिंग एरिया (न्यूनतम 500 वर्ग फुट प्रति 50 लाभार्थियों)

4. रसोई और स्टोर (न्यूनतम 500 वर्ग फुट प्रति 50 लाभार्थियों)

5. शौचालय (08 लाभार्थियों के लिए 01), सुगम्य शौचालय सहित।

6. वाश बेसिन (08 लाभार्थियों के लिए 01)

7. बाथरूम (08 लाभार्थियों के लिए 01), सुगम्य बाथरूम सहित।

8. लॉन्डरी एरिया (न्यूनतम 200 वर्ग फुट)

9. कपडे सुखाने के लिए जगह (न्यूनतम 200 वर्ग फुट)

10. प्रतीक्षा कक्ष (न्यूनतम 150 वर्ग फुट)

11. रिसेप्शन / कार्यालय + चिकित्सा आपातकालीन कक्ष (न्यूनतम 200 वर्ग फुट)

12. वार्डन कक्ष (न्यूनतम 150 वर्ग फुट)

13. केयरटेकर्स रूम (न्यूनतम 150 वर्ग फुट)

महत्वपूर्ण टिप्पणीः पुरूष और महिला दोनों के लिए अलग–अलग छात्रावास अनिवार्य है।

3.9 निरीक्षण एवं मानीटरिंग

3.9.1 राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन अथवा विभाग द्वारा निर्धारित कोई अन्य एजेंसी इन एजेंसियों का नियमित निरीक्षण करेगी तथा अपनी रिपोर्टें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को प्रेषित करेगी। इसके अतिरिक्त नामित की गयी मानीटरिंग और निरीक्षण करने वाली एजेंसियों द्वारा स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन भी किया जायेगा।

3.9.2 एक स्थानीय परियोजना समिति, जिसमें लाभार्थियों के माता–पिताओं में से दो (हर साल बारी–बारी से), स्टाफ सदस्य में से एक (हर साल बारी–बारी से) और उस स्थान के दो प्रख्यात नागरिक (प्रति दो वर्ष में बदलना चाहिए) जहां इस परियोजना को लागू किया जा रहा है, को शामिल करते हुए कम से कम 5 सदस्य होंगें (सदस्यों में से महिलाओं की संख्या कम से कम 50 प्रतिशत होनी चाहिए), को इस विभाग को वार्षिक रूप से अपनी रिपोर्ट भेजनी चाहिए। इसे जिला प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया जाना है। यदि पीआईए द्वारा किए गए अनुरोध के बाद जिला प्राधिकरण से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसे सहायक दस्तावेजों के साथ अनुमोदित माना जाएगा।

3.9.3 योजना की परियोजनाओं के निरीक्षण और गहन निगरानी के लिए एक केन्द्रीय कार्यक्रम निगरानी इकाई (सीपीएमयू) टीम का सृजन किया जाता है। पीएमयू टीम/सदस्य पीआईए का औचक निरीक्षण करेंगे और पीआईए द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के प्रदर्शन और गुणवत्ता को मॉनिटर करेंगे। वे पीआईए के समग्र प्रदर्शन को देने में कार्यक्रम प्रभाग की सहायता करेंगे।

3.9.4 डीडीआरएस के तहत अनुदान प्राप्त करने वाले प्रत्येक पीआईए को सीपीएमयू या विभाग द्वारा कर्मचारियों की बायो–मीट्रिक उपस्थिति रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज आदि जैसी प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए पूछे जाने पर दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

3.9.5 विभाग इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की प्रारंभिक जांच और डाटाबेस विकास को आउटसोर्स कर सकता है ताकि विभाग के भीतर प्रचालनात्मक क्षमता में वृद्धि की जा सके।

3.9.6 यह महत्वपूर्ण है कि वित्त–पोषित पीआईए भी कंप्यूटरीकृत डाटाबेस स्थापित करें और उसे बनाए रखें। इससे मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए निर्धारित रिपोर्टों के समय पर प्रस्तुतीकरण के साथ–साथ प्रभावी संप्रेषण में भी वृद्धि होगी।

3.9.7 डीडीआरएस योजना का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन स्वतंत्र अन्य (थर्ड) पार्टी द्वारा प्रत्येक तीन वर्षों में कराया जाएगा। उक्त अध्ययन के व्यय को योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए प्रशासनिक व्यय से पूरा किया जायेगा।

3.9.8 नामित एजेंसियों द्वारा स्वैच्छिक संगठन की मानिटरिंग, परियोजनाओं के निरीक्षण, यदि उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालय आदि के निर्देशों के मामले में छूट, यदि कोई हो, पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा यथा अपेक्षित निधियां निर्धारित की जाएगी। योजना का प्रशासनिक व्यय एक वित्तीय वर्ष में योजना के लिए आवंटित कुल बजट का 2 प्रतिशत होगा।

3.9.9 प्रत्येक पीआईए को प्रत्येक परियोजना के लिए अलग से निम्नलिखित रिकॉर्ड बनाए रखना चाहिएः –

(क) निरीक्षण के लिए आवश्यक क्लीनिकल और अकादमिक रिकॉर्ड की सूची

(i) व्यक्तिगत लाभार्थी रिकॉर्ड जिसमें केस हिस्ट्री, एड्रेस प्रूफ, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र/ दिव्यांगता मूल्यांकन रिपोर्ट, हाल ही में फोटोग्राफ (पूर्ण और पासपोर्ट आकार), मूल्यांकन रिपोर्ट, यूडीआईडी कार्ड, उपचाप योजना और अनुवर्ती रिकॉर्ड तथा विभिन्न सेवा प्रदान करने वाले विषयों के मूल्यांकन रिपोर्ट शामिल हैं।

(ii) माता–पिता–शिक्षक बैठकों / लाभार्थी परिवार की बैठकों की रिकॉर्ड

(iii) विशेष गतिविधियों, घटनाओं और महोत्सव की तस्वीरें

(iv) लाभार्थियों के लिए गतिविधि अनुसूची / समय सारणी

(ख) निरीक्षण के लिए आवश्यक प्रशासनिक रिकार्डों की सूची

i. लाभार्थी की उपस्थिति

ii. स्टाफ (पूर्णकालिक और अंशकालिक / विज़िटिंग / परामर्शदाता) की बायोमेट्रिक उपस्थिति

iii. लाभार्थी के हस्ताक्षर के साथ सेवा अनुसूची रजिस्टर

iv. नियुक्त पेशेवरों (पूर्णकालिक और अंशकालिक /विजिटिंग) का बायो–डेटा, फोटोग्राफ और प्रशंसापत्र

v. पेशेवर का लॉग–बुक (पूर्णकालिक और अंशकालिक /विजिटिंग)

vi. लाभार्थी/अभिभावक के हस्ताक्षर के साथ होम विजिट/कम्युनिटि–विज़िट रिकॉर्ड

vii. वैध सोसायटी / ट्रस्ट पंजीकरण

viii. वैध आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम पंजीकरण

ix. वैध राष्ट्रीय न्यास अधिनियम पंजीकरण (जहाँ भी लागू हो)

x. वार्षिक रिपोर्ट, लेखा परीक्षा रिपोर्ट, आईटी रिटर्न रिकॉर्ड

xi. वेतन रजिस्टर

xii. संगठन का मासिक बैंक विवरण

xiii. प्राप्तियों और भुगतानों के प्रमाण के साथ संगठन के सभी लेखों की पुस्तकें

xiv. अपडेट किया गया प्रमाणित उपयोग प्रमाण पत्र

xv. सामाजिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

xvi. सीसीटीवी लॉग–बुक

xvii. किराया करार/पट्टा/स्वामित्व वाले दस्तावेज, बिजली का बिल और पानी का बिल

xviii. लाभार्थियों की अपडेट की गई सूची

xix. अपडेट किए गए स्टॉक रजिस्टर

xx. वार्षिक ईवेंट कैलेंडर

xxi. विजिटर लॉग बुक

3.9.10 प्रत्येक पीआईए को बेहतर मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी और बायो–मीट्रिक प्रणाली (स्टाफ सदस्यों के लिए अनिवार्य) स्थापित करना होगा। सीसीटीवी फुटेज कम से कम एक वर्ष के लिए रखा जाना चाहिए और जब भी पूछा जाता है तो इस विभाग को भेजा जाना चाहिए।

3.10 उपयोग प्रमाण पत्र (यूसी)

इस योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने वाले प्रत्येक संगठन/संस्था **अनुबंध–I** में दिए गए प्रारूप के अनुसार, प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में उपयोग प्रमाण प्रस्तुत करेगी। यदि पीआईए को जारी पिछली निधियों का यूसी नहीं भेजा गया है तो आगे का अनुदान जारी नहीं किया जाएगा।

3.11 मानकों में छूट प्रदान करने की शक्ति

विभाग को वहां पर मानकों की अधिकतम सीमा से कम मापदंड अपनाने का अधिकार सुरक्षित है, जहां पर ऐसा करने का औचित्य हो। सामान्यतः असाधारण और पात्र मामलो में और विशेष रूप से सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र, हिमालयी क्षेत्र के राज्यों, वाम अतिवाद प्रभावित क्षेत्रों, सीमावर्ती जिलों अथवा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के परियोजना प्रस्तावों के मामले में सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अनुमोदन से इन मानदंडों में छूट प्रदान करने पर विचार किया जा सकता है, बशर्ते कि विभाग संतुष्ट हो कि ऐसा करने के लिए समुचित और वैध आधार है। इस संबंध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

3.12 विभाग किसी भी परियोजना को सहायता अनुदान देने का अधिकार सुरक्षित रखता है क्योंकि वह इसे उचित समझता है और लगातार अनुदान देने के लिए बाध्य नहीं है। अंतिम निर्णय सचिव, डीईपीडब्ल्यूडी पर निर्भर करता है।

भाग–खः मॉडल परियोजना प्रोफाइल

8 मॉडल परियोजनाओं के विवरण इस प्रकार हैं–

i. गृह आधारित पुनर्वास एवं समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ क्रास–डिसेबिलिटी प्री–स्कूल एवं प्रारंभिक उपाय और प्रशिक्षण की परियोजना

ii. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ श्रवण दिव्यांगता ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष स्कूल

iii. लो विजन सेंटर, गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ दृष्टि दिव्यांगता ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष स्कूल

iv. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के साथ अन्य दिव्यांगताओं वाले बच्चों के लिए विशेष स्कूल (बौद्धिक दिव्यांगता, प्रमस्तिष्क घात, आटिस्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, बधिरता–दृष्टिहीनता आदि)

v. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ कुष्ठरोग उपचारित व्यक्तियों का पुनर्वास

vi. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के विकल्प के प्रावधान के साथ उपचारित और नियंत्रित मनो–सामाजिक पुनर्वास के लिए हाफ वे होम परियोजना

vii. समावेशी शिक्षा परियोजना को जारी रखने के लिए विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक / उपचार केंद्र

viii. क्रॉस–डिसेबिलिटी थेरेपी और परामर्श केंद्र परियोजना

I. गृह आधारित पुनर्वास और समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना के प्रावधान के साथ क्रॉस डिसेबिलिटी प्री – स्कूल और प्रारंभिक उपाय हेतु परियोजना

क्रॉस डिसेबिलिटी प्री–स्कूल और प्रारंभिक उपचार के लिए परियोजना मुख्य रूप से विशेष स्कूलों में अपनी स्कूली शिक्षा और / या समावेशी शिक्षा के लिए नियमित स्कूलों में उचित चरण में एकीकरण के लिए सभी प्रकार के दिव्यांगजन बच्चों को तैयार करना और प्रारंभिक उपचार करके उनकी दिव्यांगता के बोझ को कम करने के लिए कोशिश करना है। **यह परियोजना शिशुओं और 6 वर्ष की आयु तक के बच्चों की सेवा करेगी।** परियोजना के तहत सहायता अनुदान की मांग करने वाले प्रत्येक संगठन को लाभार्थियों को हर कार्य दिवस पर गर्म भोजन प्रदान करना चाहिए। प्रत्येक स्कूल में कक्षाएं प्रत्येक कार्य दिवस पर कम से कम 6 घंटे होनी चाहिए।

उद्देश्यः

1. यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी शिशुओं और दिव्यांग बच्चों, विकास संबंधी विकारों और विकासात्मक दिव्यांगता के जोखिम वाले बच्चों को प्रारंभिक उपचार तब प्रदान किया गया है जब मस्तिष्क बढ़ते समय परिवर्तन के लिए सबसे अधिक सक्षम है; और इस प्रकार दिव्यांगता के प्रसार और घटनाओं को कम करता है।
2. अपने बच्चे के इष्टतम विकास को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार और सामुदायिक गतिविधियों में बच्चे की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए परिवारों की सहायता करना।
3. शारीरिक कौशल, संज्ञानात्मक कौशल, संचार कौशल, स्व–सहायता / अनुकूली कौशल और सामाजिक–भावनात्मक कौशल के क्षेत्रों में बच्चों के कामकाजी स्तर में पर्याप्त सुधार प्राप्त करने के लिए ट्रांस–डिसिप्लिनरी व्यक्तिगत परिवार केंद्रित सेवाओं की पेशकश करना।
